दिल्ली में सीमेंट की कमी और इसकी काला बाजारी

5648. **श्री फूलचन्द वर्मा :**
श्री ओंकारलाल बेरवा :

क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली में सीमेंट नियंत्रित मूल्य पर उपलब्ध नही है और क्या वह काले बाजार में भारी मात्रा में उपलब्ध है; और

(ख) यदि हां, तो सीमेंट की काला बाजारी रोकने और उसके नियंत्रित मूल्य पर उपलब्ध होने को सुनिश्चित करने के बारे में केन्द्रीय सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) इस वर्ष मार्च, और अप्रैल में कुछ समय के लिए वैगनो की कमी के कारण दिल्ली में सीमेंट उपयुक्त मात्रा में उपलब्ध नहीं था परन्तु अब स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ है ।

(ख) संभरण को दूरस्थ कारखानों से अधिक भाड़े पर लाकर दिल्ली में संभरण स्थिति में सुधार बनाये रखा है । केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली में सीमेंट की खुदरा कीमत नियत करने के विचार से दिल्ली प्रशासन ने सीमेंट को दिल्ली विशिष्ट वस्तु (मूल्य नियंत्रण) आदेश 1971 के अन्तर्गत लाने के लिए 28 अप्रैल, 1972 को एक आदेश भी जारी किया है ।

आई० टी० आई० के उत्पादों पर हिन्दी में नाम

5649. **श्री फूलचन्द वर्मा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगलौर स्थित आई० टी० आई० लिमिटेड के उत्पादों पर हिन्दी में नाम छापे जाने का प्रस्तावों विचाराधीन है; और

(ख) यदि हा, तो इस सम्बन्ध में कब तक अन्तिम निर्णय किये जाने की सम्भावना है ।

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा): (क) जी हां ।

(ख) इस सम्बन्ध में इण्डियन टेलीफोन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आगामी कुछ महीनों में निर्णय लेने की संभावना है ।

ग्वालियर में आक्सीजन गैस संयंत्र स्थापित करना

5650. **श्री फूलचन्द वर्मा** : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने ग्वालियर में आक्सीजन गैस संयंत्र लगाने हेतु अपनी स्वीकृति दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो परियोजना का ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री श्री सिद्धेश्वर प्रसाद : (क) और (ख) जी, हा । ग्वालियर में प्रतिवर्ष 4.5 लाख घन मीटर आक्सीजन गैस और एक लाख घन मीटर एसिटिलीन गैस का उत्पादन करने के लिए कलकत्ता के श्री एच० एल० सोमानी में नाम है एक आशय पत्र सं० 2(52)/71-एल०आई० (1), दिनांक 6 जनवरी 1972 स्वीकृत किया गया है । परियोजना में पूंजीगत वस्तुओं तथा खाली गैस सिलेन्डरों का आयात करना निहित है और आयातआवेदन पत्र अभी भी प्रतीक्षित है ?

डाकुओं द्वारा आत्म समर्पण और उनसे हथियार बरामद होना

5651. **श्री कम्बूलाल कम्राकर** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में जिन डाकुओं ने आत्म समर्पण किया था उनसे सरकार को किस प्रकार के हथियार मिले हैं;

(ख) क्या सरकार ऐसा समझती है कि इस क्षेत्र के सभी डाकुओं ने आत्म समर्पण कर दिया है;

(ग) यदि नहीं, तो कितने डाकू और शेष रह गये है; और

(घ) क्या सरकार यह अनुभव करती है कि इस क्षेत्र के डाकुओ के आत्म समर्पण से डाकू समस्या हल हो गई ?

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) . (क) डाकुओ द्वारा आत्म सम्पर्ण के समय जो हथियार समर्पित किए गये है उनमे .303 राइफले, स्वय भरी जान वाली राइफले, स्टेनगने, 12 बोर की बन्दूके तथा थोमप्सन मशीन कारबाइन्स (टी० सी० एम०) सम्मिलित है ।

(ख) जी नही, श्रीमान् ।

(ग) मोटे तौर पर 208 पंजीकृत डाकू अभी फरार हैं ।

(घ) जी नही, श्रीमान् ।

दस पैसे के पुराने सिक्कों की कमी और नये सिक्कों के प्रचलन के कारण सार्वजनिक टेलीफोन घरों पर कठिनाइयां

5652. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकर** : क्या संचार मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दस पैसे के नए सिक्कों के प्रचलन से सार्वजनिक टेलीफोन घरों पर, जहां दस पैसे के दो पुराने सिक्के डालने पड़ते है, दस पैसे के पुराने सिक्कों की कमी के कारण लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या सरकार का इन सार्वजनिक टेलीफोनों को बदलने अथवा इनके साथ ऐसे दूसरे सार्वजनिक टेलीफोन लगाने का विचार है जिनमें नए सिक्के डाले जा सकें; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में कब तक आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा): (क) संभव है कि कुछ लोगो को ऐसी कठिनाई का सामना करना पड़ता हो ।

(ख) सरकार का विचार सभी सार्वजनिक टेलीफोनो के सिक्को के बक्स बदलने का है जिससे कि उनमें 10 पैसे के नये सिक्के डाले जा सके ।

(ग) 10 पैसे के नये सिक्कों का काफी प्रचलन हो जाने पर इस सबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

दुर्ग जिले मे टेलीफोन की सुविधा

5653. **श्री चन्दूलाल चन्द्राकर** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दुर्ग जिले के कितने कस्बो मे टेलीफोन की व्यवस्था है;

(ख) गत दो वर्षों में टेलीफोन विभाग को कितनी आय हुई;

(ग) क्या उनमे से तीन चौथाई टेलीफोन केन्द्रो मे टेलीफोन व्यवस्था ठप हो गई है; और

(घ) इस दिशा में सुधार के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा): (क) 17 कस्बों में । इनमें से 11 में टेलीफोन एक्सचेंज और 6 में लम्बी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन घर हैं ।